राँची में बनेगा वर्ल्ड ट्रेड सेंटर

चर्चा में क्यों?

21 अक्तूबर, 2021 को राज्य सरकार द्वारा कैबनिट बैठक के दौरान राँची स्मार्ट सटिी में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर बनाने के लयि 27 करोड़ 42 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई।

प्रमुख बदिु

- इस वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में अंतर्राष्ट्रीय कारोबार से संबंधति सारी सुवधिाएँ एक ही परसिर में मलिंगी। यहाँ करेंसी एक्सचेंज से लेकर मनी ट्रांसफर तक की सुवधिाएँ भी मलि सकती हैं। इसके अलावा एयर कार्गो, शपि कंटेनर और नर्यात प्रबंधन की दूसरी सुवधिाएँ भी मलिंगी।
- यहाँ वदिश व्यापार महानदिशालय का क्षेत्रीय कार्यालय और भारतीय नर्यात परसिंघ से जुड़े कार्यालय भी होंगे। इसके अलावा आयात-नर्यात से जुड़ी कंपनयिों के लयि स्थान मुहैया कराए जाएंगे।
- यहाँ अंतर्राष्ट्रीय कारोबार करने वाली कंपनयिों को अपने उत्पादों के प्रदर्शन और उनके प्रचार-प्रसार के लयि भी स्थान मलिगा।
- गौरतलब है कयिह वर्ल्ड ट्रेड सेंटर केंद्र और राज्य, दोनों के सहयोग से बनाया जाएगा, केंद्र सरकार ने राज्य सरकार को वर्ल्ड ट्रेड सेंटर की स्थापना के लयि 9.8 करोड़ रुपए दयि हैं। योजना की कुल लागत 48 करोड़ रुपए है।
- उल्लेखनीय है कवित्ष 2018 में ही केंद्र सरकार ने राँची में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर खोलने की योजना को मंज़ूरी दी थी। उसके बाद केंद्र द्वारा सहायता राशकिी पहली कशि्त भी राज्य सरकार को आवंटति कर दी गई थी, लेकनि अब तक योजना पर काम शुरू नहीं कयिा जा सका था।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/world-trade-center-to-be-built-in-ranchi